उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) / सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी के पदों पर सीधी भर्ती–2022 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा के शहर व दिनांक की सूचना, प्रवेश पत्र लिंक एवं सैम्पल टेस्ट लिंक के सम्बन्ध में

संख्या–पीआरपीबी–एक–3(39) / 2023 पार्ट–4 (विज्ञप्ति) दिनांक–जनवरी 20,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक), सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी की सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी0बी0टी0) दिनांक 29.01.2024 से 08.02.2024 तक उ0प्र0 के 11 जनपदों के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिदिन 02 पालियों में **(प्रातः 10:00 बजे से 12:30 तथा 03:00 बजे से 05:30 बजे)** तक आयोजित की जा रही है।

2– सभी अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा की तिथि, पाली एवं परीक्षा जनपद / नगर की सूचना का लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर दिनांक 22.01.2024 को प्रदर्शित किया जायेगा। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन करके अपनी सूचना चेक कर लें।

3– अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा की प्रक्रिया से परिचित होने के लिए सैम्पल टेस्ट लिंक (Sample Test Link) भी भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

4– ऑनलाइन लिखित परीक्षा हेतु सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परीक्षा की तिथि से **02 दिवस पूर्व** बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगें, जिसमें परीक्षा की तिथि व समय के साथ परीक्षा केन्द्र का नाम व पते की सूचना अंकित होगी। अभ्यर्थीगण वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगें। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक तत्समय बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा।

5– ऑनलाइन लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यदि कोई समस्या हो तो **हेल्प डेस्क नम्बर–7550004136 / 7550004137** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

6– उक्त सम्बन्ध में समस्त सूचनायें बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

20/1/24

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।